<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 05/11/2024

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 04/05.11.2024 को 01 वारंटी 19 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 43 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

01.➞थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त/शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का एक अदद मोबाइल फोन बरामद-

थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा चोरी की 03 घटनाओं मु0अ0सं0 354/2024 धारा 380/411 भादवि, मु0अ0सं0 343/2024 धारा 379 भादवि व मु0अ0सं0 305/2024 धारा 547/380 भादवि थाना रामसनेही घाट से सम्बन्धित 01 अभियुक्त/शातिर चोर मो0 वसीम पुत्र मुन्ना निवासी जमलापुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को आज दिनांक 05.11.2024 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भैंस/घरों में चोरी करने जैसे अपराध कारित किया जाता है। बरामद मोबाइल फोन को ग्राम पिपरिहा से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना रामसनेही घाट पर मु0अ0सं0 354/24 धारा 380/411 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्त द्वारा जून महीने में ग्राम भरहेमउ व ग्राम लोखड़िहा में चोरी की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना रामसनेही घाट पर क्रमशः मु0अ0सं0 305/2024 धारा 547/380 भादवि व मु0अ0सं0 343/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। साथ ही जनपद अमेठी में भी चोरी करना बताया गया है। पुलिस टीम द्वारा अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

02.➞थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, -

थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 05.11.2024 को मु0अ0सं0 489/24 धारा 115(2)/351(2)/70(1)/118(1)110/3(5) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. अर्जुन कुमार पुत्र कमलेश कुमार 2. प्रदीप कुमार पुत्र रामफली निवासीगण ग्राम मुश्कीनगर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

03.➞थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, -

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 05.11.2024 को मु0अ0सं0 486/24 धारा 3(5)/109/115(2)/352/351(2)/117(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रवेश यादव पुत्र मुंशीलाल यादव निवासी पीपरतला थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

04.➞ थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा 01 अपहृता को सकुशल बरामद किया गया-

थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 05.11.2024 को मु0अ0सं0 428/2024 धारा 87 भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।